# समाचार वाणी

## ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 26 August 2026


# IND vs ENG: गौतम गंभीर के सामने गूंजे संजू सैमसन के नारे, नॉटिंघम मे हार के बाद फैंस ने की प्लेइंग-11 मे वापसी की मांग

Sanket Morankar

Published on 08 Jul 2026





इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले में टीम इंडिया को 125 रन की करारी हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद भारतीय टीम पांच मैचों की सीरीज में 0-2 से पिछड़ गई है। खराब प्रदर्शन से नाराज भारतीय प्रशंसकों ने नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज स्टेडियम के बाहर कोच **गौतम गंभीर** के सामने **संजू सैमसन** की वापसी की मांग करते हुए जोरदार नारे लगाए।

मैच समाप्त होने के बाद जब भारतीय टीम स्टेडियम से होटल लौटने के लिए बस की ओर बढ़ रही थी, तभी बड़ी संख्या में मौजूद भारतीय फैंस ने "संजू... संजू..." के नारे लगाने शुरू कर दिए। समर्थकों की मांग थी कि विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को दोबारा प्लेइंग-11 में शामिल किया जाए।

हालांकि, गौतम गंभीर ने फैंस की इस नारेबाजी पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। वह टीम के उपकप्तान **तिलक वर्मा** के साथ सीधे टीम बस में बैठ गए। लेकिन टीम के लगातार खराब प्रदर्शन के बाद चयन और टीम संयोजन को लेकर सवाल जरूर उठने लगे हैं।

नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज मैदान पर भारतीय बल्लेबाजी पूरी तरह बिखर गई। टीम केवल **76 रन** पर सिमट गई, जो हाल के वर्षों में उसका सबसे निराशाजनक प्रदर्शन माना जा रहा है। कप्तान **श्रेयस अय्यर** सहित कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। 15 वर्षीय युवा बल्लेबाज **वैभव सूर्यवंशी** भी इस मुकाबले में प्रभाव छोड़ने में असफल रहे।

भारतीय टीम को आयरलैंड दौरे के बाद इंग्लैंड में भी अब तक जीत का इंतजार है। लगातार हार के कारण बल्लेबाजी क्रम और टीम चयन पर सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में संजू सैमसन को बाहर रखने के फैसले की भी आलोचना तेज हो गई है।

क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि यदि टीम प्रबंधन अगले मुकाबले में बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करता है, तो संजू सैमसन की प्लेइंग-11 में वापसी की संभावना बढ़ सकती है। वहीं, इस पूरे दौरे में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले **ईशान किशन** की जगह भी बदलाव की चर्चा तेज हो गई है।

अब सभी की नजर सीरीज के अगले मुकाबले पर होगी, जहां टीम इंडिया वापसी की कोशिश करेगी। वहीं यह भी देखना दिलचस्प होगा कि गौतम गंभीर और टीम मैनेजमेंट फैंस की मांग को ध्यान में रखते हुए टीम संयोजन में कोई बदलाव करते हैं या नहीं।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.